P-985

Total Pages : 3 Roll No. ....

MAHL-102

मध्यकालीन कविता

MA Hindi (MAHL)

1st Year Examination, 2023 (June)

Time : 2 Hours] **Max. Marks : 70**

नोट : यह प्रश्नपत्र सत्तर (70) अंकों का है जो दो (02) खण्डों क तथा ख में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है। परीक्षार्थी अपने प्रश्नों के उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका तक ही सीमित रखें। कोई अतिरिक्त (बी) उत्तर पुस्तिका जारी नहीं की जायेगी।

(खण्ड–क)

(दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पाँच (05) दीर्घ उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (2×19=38)

1. भक्ति-कालीन कविता आन्दोलन के उदय एवं विकास पर निबन्ध लिखिए।

2. रीतिकाल के उद्‌भव एवं विकास पर निबन्ध लिखिए।

3. भारत में सूफी मत के उद्‌भव विकास पर निबन्ध लिखिए।

4. निर्गुण भक्तिकाव्य के प्रगतिशील पक्षों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए।

5. सूरदास का परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का विश्लेषण कीजिए।

(खण्ड-ख)

(लघु उत्तरों वाले प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरों वाले प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं। (4×8=32)

1. भक्ति काव्य की विविध शाखाओं का परिचय देते हुए उनकी विशेषताएं बताइए।

2. कृष्ण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि और उनकी रचनाएं लिखिए।

3. अन्तस्साधना, रहस्यवाद, सधुक्कड़ी भाषा व पुष्टि से आप क्या समझते हैं?

4. कबीर के राम और तुलसी के राम में क्या अंतर है?

5. तुलसी की रचनाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

6. बिहारी रीतिकाल के प्रतिनिधि कवि हैं, स्पष्ट कीजिए।

7. केशव रीतिकाल के प्रवर्तक आचार्य हैं, स्पष्ट कीजिए।

8. घनानन्द प्रेम के पीर के कवि हैं, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।